भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 629
दिनांक 06 फरवरी, 2025

## पश्चिमी बंगाल में दुर्गापुर-हल्दिया और धामरा-हल्दिया पाइपलाइन परियोजनाएं

†629. श्री जगन्नाथ सरकार :

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) दुर्गापुर-हल्दिया और धामरा-हल्दिया प्राकृतिक गैस पाइपलाइन परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है और उनके पूरा होने में विलंब के क्या कारण हैं;

(ख) इन परियोजनाओं में तीव्रता लाने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं और इन परियोजनाओं के कब तक शुरू होने की अपेक्षा है;

(ग) पश्चिम बंगाल में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) कनेक्शन का विस्तार करने और संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) स्टेशन स्थापित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं; और

(घ) पश्चिम बंगाल में सिटी गैस वितरण (सीजीडी) के लिए प्राधिकृत भौगोलिक क्षेत्रों की संख्या क्या है और पीएनजी और सीएनजी अवसंरचना के विकास में क्या प्रगति हुई है?

उत्तर
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री सुरेश गोपी)**

(क) और (ख): पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) ने दिनांक 29.01.2018 को जगदीशपुर-हल्दिया-बोकारा-धामरा, बरौनी-गुवाहाटी और धामरा-हल्दिया प्राकृतिक गैस पाइपलाइन को दिनांक 31 जुलाई, 2025 तक पूरा करने की विस्तारित समय सीमा सहित गेल (इंडिया) लिमिटेड को प्राधिकृत किया है। दुर्गापुर-हल्दिया खंड में कुल 294 किलोमीटर पाइपलाइन में से 132 किलोमीटर पूरी हो चुकी है और धामरा-हल्दिया खंड में कुल 253 किलोमीटर पाइपलाइन में से 154 किलोमीटर पूरी हो चुकी है। पाइपलाइन के पूरा होने में देरी का कारण धीमी गति से उपयोग के अधिकार (आरओयू) अधिग्रहण और उच्च हर्जाने की मांग से जुड़ी चुनौतियां हैं। सरकार परियोजना को पूरा करने में तेजी लाने के लिए संबंधित राज्य सरकार और निष्पादन एजेंसी के साथ लगातार प्रयास कर रही है।

(ग) और (घ) पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी) कनेक्शन प्रदान करना, संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) स्टेशनों की स्थापना और पाइपलाइन अवसंरचना को बिछाना नगर गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क के विकास का भाग है और इसे पीएनजीआरबी द्वारा प्राधिकृत कंपनियों द्वारा किया जाता है। पश्चिम बंगाल राज्य में, पीएनजीआरबी ने पूरे राज्य को कवर करते हुए 10 भौगोलिक क्षेत्रों (जीएज) को प्राधिकृत किया है। पश्चिम बंगाल राज्य में सीजीडी नेटवर्क में हुई प्रगति के जीए-वार ब्यौरे **अनुलग्नक** में है।

*******

"पश्चिम बंगाल में दुर्गापुर-हल्दिया और धामरा-हल्दिया पाइपलाइन परियोजनाएं" के संबंध में श्री जगन्नाथ सरकार द्वारा दिनांक 06.02.2025 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 629 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

पश्चिम बंगाल राज्य में सीजीडी नेटवर्क का जीए-वार विवरण

| क्र.सं. | भौगोलिक क्षेत्र/ सीजीडी नेटवर्क | राज्य/केंद्र शासित प्रदेश | अधिकृत सीजीडी इकाई | लक्ष्य पूर्ण होने की तिथि | घरेलू | | | सीएनजी स्टेशन | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | एमडब्लूपी लक्ष्य | आनुपातिक लक्ष्य | उपलब्धि | सीएनजी एमडब्ल्यूपी लक्ष्य | आनुपातिक लक्ष्य | उपलब्धि |
| 1 | बर्दवान जिला | पश्चिम बंगाल | इंडियन-ऑयल अदानी गैस प्राइवेट लिमिटेड | 31-मार्च-30 | 247852 | 41309 | 8194 | 80 | 20 | 23 |
| 2 | दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी और उत्तर दिनाजपुर जिले | पश्चिम बंगाल | हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड | 31-मार्च-31 | 690000 | 184000 | 3120 | 125 | 34 | 11 |
| 3 | हावड़ा (ईएएए) जिला और हुगली (ईएएए) जिला | पश्चिम बंगाल | हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड | 31-मार्च-30 | 575000 | 95834 | 2941 | 100 | 25 | 19 |
| 4 | नादिया (ईएएए) जिला और उत्तर 24 परगना (ईएएए) जिला | पश्चिम बंगाल | हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड | 31-मार्च-30 | 625000 | 104167 | 7049 | 110 | 28 | 22 |
| 5 | दक्षिण 24 परगना (ईएएए) जिला | पश्चिम बंगाल | हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड | 31-मार्च-29 | 300000 | 80000 | 138 | 65 | 26 | 12 |
| 6 | पुरुलिया और बांकुरा जिले | पश्चिम बंगाल | भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड | 31-मार्च-30 | 555999 | 92667 | 12648 | 27 | 7 | 21 |
| 7 | पूर्वी मेदनीपुर, पश्चिम मेदनीपुर और झाड़ग्राम जिले | पश्चिम बंगाल | इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड | 30-जून-31 | 3734901 | 155621 | 0 | 131 | 9 | 4 |
| 8 | अलीपुरद्वार और कोच बिहार | पश्चिम बंगाल | भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड | 31-मार्च-30 | 251999 | 29400 | 12034 | 19 | 4 | 9 |
| 9 | कोलकाता नगर निगम और आसपास के जिलों के हिस्से | पश्चिम बंगाल | बंगाल गैस कंपनी लिमिटेड | 31-दिसम्बर-26 | 1417959 | 575000 | 5297 | एन ए | एन ए | 24 |
| 10. | बीरभूम, मुर्शिदाबाद, मालदा और दक्षिण दिनाजपुर जिले | पश्चिम बंगाल | हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड | 30-जून-30 | 6210189 | 672771 | 978 | 162 | 35 | 5 |
| **कुल:** | | | | | **14608899** | **2030769** | **52399** | **819** | **188** | **150** |

एमडब्ल्यूपी - न्यूनतम कार्य कार्यक्रम (स्रोत –पीएनजीआरबी)

****